एक नजर में

## विद्याधाम का प्रकाशोत्सव 19 से, विभिन्न अनुष्ठान होंगे



**इंदौर.** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर मंदिर का 31 वां प्रकाशोत्सव गुप्त नवरात्रि पर 19 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा. आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी गिरिजानंद सरस्वती भगवन की प्रेरणा से महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में 9 दिवसीय इस महोत्सव में अनेक कार्यक्रम होंगे. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी को सुबह 9.30 बजे संग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ अनुष्ठान के साथ होगा. महोत्सव में प्रतिदिन सुबह 6 बजे वैदिक संध्या-वेदपाठ, 7.30 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक एवं प्रात: 9 बजे श्रृंगार आरती, दोपहर 2.30 बजे दुर्गा सप्तशती पाठ, शाम 6 बजे ललिता सहस्त्र नामावली से लक्षार्चन आराधना एवं शाम 8 बजे 108 दीपों से महाआरती के आयोजन 27 जनवरी तक होंगे. 24 जनवरी को शाम 5 बजे माँ अपने भक्तों को दर्शन देने शोभा यात्रा के रूप में निकलेंगी. 25 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से पूज्य भगवन के श्री विग्रह एवं पादुका पूजन अभिषेक एवं आरती तथा शाम 6 बजे नर्मदा के पवित्र जल में माँ का नयनाभिराम नौकाविहार होगा. नौकाविहार की जीवंत झांकी भी श्रृंगारित की जाएगी. महाअष्टमी 26 जनवरी को शाम 6 बजे से माँ का भव्य पुष्प बंगला श्रृंगारित होगा. 27 जनवरी को शाम 6 बजे से छप्पन भोग दर्शन एवं दीपोत्सव का दिव्य आयोजन होगा. महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं.

## दास बगीची पर राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव शुरू



**इंदौर.** पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची पर चल रहे जय सियाराम बाबा मूर्ति अवतरण महोत्सव में मंगलवार सुबह से राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव प्रारंभ हुआ. जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट के कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता एवं मंदिर के पुजारी पं. देवेन्द्र तिवारी ने रामायण पाठ में शामिल भक्तों की अगवानी की. ट्रस्टी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सुबह रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी पूर्णाहुति शाम 6 बजे हुई। इस अवसर पर मंदिर स्थित हनुमानजी की चमत्कारिक प्रतिमा एवं जय सियाराम बाबा की प्रतिमा का नयनाभिराम श्रृंगार भी आकर्षण का केंद्र बना रहा. मंगलवार को ही रात 8 बजे से शहर के करीब 10 रामायण मंडलों एवं भजन मंडलों द्वारा पूरी रात भजनों की प्रस्तुतियां हनुमानजी एवं जय सियाराम बाबा को समर्पित करने का अनूठा आयोजन भी प्रारंभ हुआ जिसका समापन बुधवार की सुबह 6 बजे होगा. शहर में एक साथ 10 रामायण एवं भजन मंडलों की प्रस्तुतियों का यह संभवत: पहला मौका है। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी बनी हुई है. बुधवार 14 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 108 सुंदरकाण्ड पाठ द्वारा हवन प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति के बाद महाआरती एवं चालित प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा. बाबा की मूर्ति का पाटोत्सव भी यहाँ 14 से 20 जनवरी तक धूमधाम से मनाया जाएगा.

## फिर शुरू होगा नगरपालिका बनाओ अभियान



**महू.** विगत 10 वर्ष से महू मुक्ति मोर्चा आंदोलन के संस्थापक एवं जनता कांग्रेस महासचिव अमित वर्मा के निर्देशन में चल रहा महू को नगर पालिका बनाओ अभियान फिर शुरू हो रहा है. वर्मा ने बताया कि अब तक पीएमओ एवं रक्षा मंत्रालय दिल्ली में दिए गए सभी 14 ज्ञापनों का एक पुनर्विचार आवेदन पत्र संक्रांति पश्चात अगले सप्ताह प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली को दिया जाएग. उसके बाद फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से आंदोलन का 15वां चरण शुरू किया जाएगा. इसमें महू की जनता के हस्ताक्षर का अभियान टीम द्वारा शुरू किया जाएगा.

## महू की दद्दू बेकरी पर खाद्य विभाग का छापा, भारी गंदगी मिली



**महू.** गवली पलासिया स्थित दद्दू बेकरी पर मंगलवार दोपहर खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारा. इस कार्रवाई के दौरान बेकरी से 10 गैस सिलेंडर जब्त किए गए. इस दौरान टीम को बेकरी में भारी गंदगी भी देखने को मिली. विभिन्न बेकरी उत्पादों के नमूने लिए गए. खाद्य विभाग के अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि महू एसडीएम राकेश परमार को दद्दू बेकरी के खिलाफ कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं. इन शिकायतों में बेकरी में गंदगी के बीच खाद्य सामग्री बनाने का आरोप था. शिकायतों की जांच के लिए टीम मौके पर पहुंची. जांच के दौरान, बेकरी के पिछले हिस्से में भारी गंदगी पाई गई. टीम ने केक और समोसा बनाने में इस्तेमाल होने वाले मैदा सहित अन्य सामग्री के नमूने भी एकत्र किए. मौके पर मिले 10 गैस सिलेंडरों को जब्त कर पंचनामा बनाया गया. अधिकारियों ने बेकरी के लाइसेंस और गुमास्ता (व्यापार लाइसेंस) की भी जांच की. फिलहाल सभी नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है. अधिकारियों ने बताया कि यदि नमूनों में कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# डॉग की डंडे से पीट हत्या, वीडियो वायरल होने पर बवाल

- एनजीओ कार्यकर्ताओं ने आरोपी के घर की तोड़फोड़ और मारपीट
- पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला किया दर्ज, की जा रही जांच



**इंदौर.** विजयनगर क्षेत्र में सोमवार रात एक डॉग की मौत को लेकर बड़ा विवाद हो गया. इस मामले में डॉग लवर एक एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की.

इस बीच कार्यकर्ताओं और परिवार के बीच जमकर मारपीट भी हुई. विजयनगर पुलिस के अनुसार पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और वीडियो फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.दरअसल, सी 21 मॉल के पास एक तीन माह के श्वान की डंडे से पीट-पीटकर हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आक्रोशित डॉग लवर्स एनजीओ के कार्यकर्ता सोमवार रात को आरोपी बलराम के घर पहुंच गए और वहां जमकर तोड़फोड़ की. दुर्गा शर्मा ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात करीब 10.30 बजे वह घर पर थीं और बच्चे बाहर खेल रहे थे. इसी दौरान कुछ लोग जबरन घर में घुस आए और उनके पति बलराम शर्मा को आवाज लगाकर गाली-गलौज करने लगे. इसी दौरान वे घर में घुस गए और घर का सामान फेंकना शुरू कर दिया . विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई. इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचीं उनकी भाभी के साथ भी मारपीट की गई. आरोपी कार व बाइक से मौके से फरार हो गए. दुर्गा के अनुसार, आरोपी खुद को प्रकृति फाउंडेशन से जुड़ा बता रहे थे. आरोपियों का कहना था कि बलराम ने एक डॉग को डंडे से पीटकर मार दिया है.

### एनजीओ संचालक बोला...

एनजीओ संचालक अर्पित कुमावत की शिकायत पर भी पुलिस ने बलराम शर्मा और अन्य पर एफआईआर दर्ज की अर्पित ने पुलिस को बताया वह प्रकृति फाउंडेशन का संचालन करता है. सोमवार को सोशल मीडिया पर उन्हें वीडियो मिला, जिसमें एक व्यक्ति डॉग को डंडे से मारता हुआ दिखाई दे रहा था. वीडियो की पुष्टि करने टीम की सदस्य दुर्गा बटोनियां मौके पर पहुंची थीं, जहां बलराम के परिजनों से विवाद हो गया और मारपीट हुई. अर्पित का कहना है कि बाद में यह स्पष्ट हुआ कि वायरल वीडियो 8 जनवरी का है, जिसमें बलराम शर्मा डॉग को डंडे से पीट रहा है, उसने डाक को इतना मारा कि उसकी मौत हो गई.

### दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

विजयनगर पुलिस के अनुसार दुर्गा शर्मा की शिकायत पर स्वाति शर्मा, अर्पित कुमावत, मयंक सोनी, अभिषेक परिहार सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस ने जांच के बाद बलराम शर्मा के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के तहत भी एफआईआर दर्ज की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# शोरूम में घुसकर युवक को पेट में मारी गोली

### नई गाड़ी देखने शो रूम गया था युवक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. देपालपुर थाना क्षेत्र में इंदौर रोड स्थित महिंद्रा शोरूम के भीतर घुसकर बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी. गोली पेट में लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई.**



पुलिस के मुताबिक, घायल युवक ग्राम अहीरवास निवासी संजय गुर्जर है, जो शाम करीब 4 बजे नई गाड़ी देखने शोरूम पहुंचा था. इसी दौरान एक कार से उतरे शूटर विकास ने सीधे शोरूम में घुसकर पिस्टल से फायर किया और मौके से साथियों के साथ फरार हो गया. सूचना पर देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल भिजवाया. एसपी यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीनी विवाद सामने आया है. पुलिस ने संजय के बयान पर विकास शूटर, हरिओम डिंगर (एचडी ग्रुप), गोकुल परमार सहित अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे.

# मॉडिफाइड साइलेंसर व शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा

### बाइक चालक पर कोर्ट ने 20 हजार का जुर्माना ठोका

**इंदौर.** शहर में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और सार्वजनिक स्थानों पर शोर मचाने वालों पर पुलिस की सख्ती जारी है. तुकोगंज थाना क्षेत्र में शराब पीकर बाइक चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालकर न्यूसेंस फैलाने के मामले में न्यायालय ने एक बाइक सवार पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है.

घटना रीगल से पलासिया की ओर जाने वाले मार्ग की है, जहां काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-09-एनआर-8923 को चालक तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर के साथ दौड़ा रहा था.



साइलेंसर से लगातार पटाखे जैसी आवाज निकलने पर थाना तुकोगंज की बीट जंजीरा में तैनात आरक्षक देवेंद्र और आरक्षक धर्मवीर ने बाइक का पीछा किया और 56 दुकान क्षेत्र के पास वाहन को रोक लिया. बाइक को थाने लाकर चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें उसके शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि हुई.

जांच में यह भी सामने आया कि वाहन में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाया गया था, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी. पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान बनाकर प्रकरण न्यायालय में पेश किया. जहां न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया. साथ ही बाइक से मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाकर वाहन को नियमानुसार दुरुस्त कराया.

# दो माह से फरार रेपिस्ट को बेंगलुरु में दबोचा

**इंदौर. पुलिस ने दो माह से फरारी काट रहे 10 हजार रुपये के इनामी बलात्कार के आरोपी को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है. आरोपी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के कारण तकनीकी ज्ञान का सहारा लेकर लगातार पुलिस से बचता रहा, जिससे उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई थी.**

खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि एक महिला ने खजराना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि खिज्राबाद निवासी शादाब बैग ने उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार दुष्कर्म किया. मामले में प्रकरण दर्ज किया गया था. इसके बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की थी. मुखबिरी तंत्र, तकनीकी संसाधनों और आसूचना के जरिए आरोपी की तलाश की जा रही थी.

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी महाराष्ट्र के औरंगाबाद में छिपा हुआ है. टीम वहां पहुंची तो आरोपी का मोबाइल लोकेशन कर्नाटक के बेंगलुरु में मिला.

**आरोपी पर घोषित था 10 हजार रुपए का इनाम**

**सॉफ्टवेयर इंजीनियर है आरोपी**

### कपड़ों का व्यापार करता

पुलिस टीम तुरंत बेंगलुरु रवाना हुई और आरोपी को वहां से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी शादाब बैग उम्र 36 वर्ष, निवासी खिज्राबाद खजराना बताया गया है, जो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पढ़ाई कर चुका है और कपड़ों का व्यापार करता है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.



# श्रद्धालुओं ने लिया बच्चों को लव जिहाद से सजग कराने संकल्प

- लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

**इंदौर.** बंगाली चौराहा स्थित मैदान पर चल रहे विराट लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में शामिल यजमान युगलों सहित हजारों भक्तों ने मंगलवार को यज्ञ कुंडों की अग्नि और लक्ष्मीनारायण सहित यज्ञ में आहूतियां दी. भक्तों ने लव जिहाद की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति से अपने बच्चों को सजग करने और धर्म युद्ध में लिप्त योद्धाओं के परिवारों की हरसंभव मदद करने जैसे संकल्प भी लिए.

आयोजन समिति के देवव्रत पाटीदार एवं अलकेश सुलिया ने बताया कि पंचमुखी धाम आगरोद के अधिष्ठाता महंत कृष्णगोपाल दास महाराज के सानिध्य एवं काशी से आए यज्ञाचार्य पं. पुष्कर पांडे के निर्देशन में 15 लाख के लक्ष्य के मुकाबले अब तक श्रीसूक्त एवं पुरुषसूक्त से करीब 13 लाख आहुतियाँ संपन्न हो चुकी हैं. पिछले 6 दिनों में यहाँ लगभग एक लाख श्रद्धालु यज्ञ शाला की परिक्रमा का पुण्य लाभ उठा चुके हैं. बुधवार को शाम 5 बजे बाद हजारों भक्तों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा.

आगरोद स्थित पंचमुखी धाम के अधिष्ठाता महंत कृष्ण गोपाल दास, उदासीन अखाड़े से जुड़े बुरहानपुर के महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज, पंचकुईया राम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास, महानिर्वाणी अखाड़ा वृंदावन के महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत गोविंददास, बद्रीनाथ धाम से महंत गोविन्ददास, वृंदावन से आए मनमोहन दास महाराज, विरक्त साधु समाज मंडल के अध्यक्ष तेरा भाई त्यागी आश्रम के महामंडलेश्वर रामबालक दास रामायणी, निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास महाराज, महंत भरतदास महाराज, फौजी बाबा रामकृपाल दास, हरिद्वार के महंत रामदास, महंत रघुनाथ दास, महंत विजय दास, तपोनिष्ठ संत महंत सुखराम दास महाराज एवं काशी से आए यज्ञाचार्य पं. पुष्कर पांडे सहित लगभग 35 संतों-महंतों के सानिध्य में हुई महाआरती के बाद धर्म सभा में यजमान युगलों सहित यज्ञ स्थल पर मौजूद भक्तों ने अनेक संकल्प व्यक्त किए।

## खाटू श्याम मंदिर के बसंतोत्सव पर निकलेगी रथयात्रा

इंदौर. एबी रोड मालवीय नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पर 23वें बसंतोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं. 23 जनवरी को को मंदिर के स्थापना दिवस पर सुबह 9 बजे मालवीय नगर स्थित मंदिर से भव्य श्याम रथयात्रा निकलेगी, वहीं 25 जनवरी को बर्फानी धाम के पास स्थित कमल नयन उपवन पर भव्य और दिव्य भजन संध्या होगी.

भजन संध्या में फतेहाबाद हरियाणा के नरेश नरसी, दिल्ली के मास्टर श्याम और इंदौर के रवि शर्मा अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे. इस मौके पर बाबा की पावन ज्योत, छप्पन भोग, मोर छड़ी के चमत्कार एवं पुष्प-इत्र की बौछारों सहित अनेक ऐसे आकर्षण होंगे जो इस भजन संध्या में भी देखने-सुनने को मिलेंगे. खाटू श्याम सेवक मंडल के संरक्षक मदनलाल शर्मा ने बताया कि 23 जनवरी को सुबह 9 बजे सुसज्जित रथ पर विराजित श्याम प्रभु की रथयात्रा मंदिर पर आरती के पश्चात गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी, जो मंदिर से प्रारंभ होकर नादिया नगर, अटल द्वार पाटनीपुरा, भमोरी होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी.


**कार्यालय- अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी, बड़वाह, जिला - खरगोन ( म.प्र.)**

पत्र क्रमांक- 171 / रीडर - 1 / 2026 बड़वाह, दिनांक 08/01/2026

:: अधिसूचना ::

प्ररुप - 'ख'

नियम - 5 का उपनियम ( 2 )

क्रमांक- 0164 / B-121/2025-26 अतएव राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि एन.टी.पी.सी. लिमिटेड, खरगोन वृहद ताप विद्युत परियोजना के अंतर्गत भूमिगत पाईपलाईन में जल परिवहन हेतु ग्राम :- दाभड़, प.ह.नं. 73, रा.नि.मं. - 03, कानापुर, तहसील - सनावद, जिला - खरगोन (म. प्र. ) मध्यप्रदेश राज्य में वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिकी उत्थापन), एन.टी.पी.सी. लिमिटेड खरगोन (म.प्र.) द्वारा भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाई जाए । और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाईपलाईन, कंबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाईपलाईन, केवल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम 2012 (क्रमांक- 5 सन् 2013 ) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है। कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा - 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचना राजपुत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर भूमि के नीचे पाईपलाईन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी, बड़वाह, जिला - खरगोन मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

:: अनुसूची ::

| जिला | तहसील | ग्राम / पटवारी हल्का क्रमांक | खसरा क्रमांक | उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमि ( हेक्टेयर में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| खरगोन | सनावद | ग्राम :- दाभड़, प.ह.नं. 73, | 174/3 | 0.490 |
| | | | 176/1 | 0.110 |
| | | | 177/5 | 0.265 |
| | | | 177/2 | 0.018 |
| | | | 176/2 | 0.101 |
| | | | 110 | 0.500 |
| | | | 165 | 0.220 |
| | | | 151/1 | 0.215 |
| | | | 151/2 | 0.020 |
| | | | 150/1 | 0.205 |
| | | | 144 | 0.290 |
| | | | 145 | 0.365 |
| | | | 126/5 | 0.067 |
| | | | 128 | 0.165 |
| | | | 129/2 | 0.110 |
| | | | 127 | 0.133 |
| | | | 135/4 | 0.014 |
| | | | 135/1/1 | 0.315 |
| | | | 135/1/2 | 0.200 |
| | | | 133/3 | 0.180 |
| | | | 20 | 3.983 |

(सत्यनारायण दर्रो)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम प्राधिकारी)
बड़वाह, जिला- खरगोन (म.प्र.)

G24331/25


एक नजर में | फ्लो इंदौर के कार्यक्रम में सुता बहनों की प्रेरणादायक कहानी ने सबका दिल जीता

# टीम पर भरोसा करें, प्रतियोगियों को दोस्त बनाएं

**इंदौर. फ्लो विद पर्पस की थीम को साकार करते हुए, फ्लो इंदौर ने अपने टेक्सटाइल स्किलिंग एवं उद्यमिता पहल के अंतर्गत द सुता इवेंट आयोजित किया. इस विशेष सत्र में 250 से अधिक सदस्य एक साथ आए और प्रसिद्ध हैंडलूम ब्रांड सुता की संस्थापक बहनों, सुजाता बिस्वास एवं तानिया बिस्वास की सच्ची, दिल को छू लेने वाली यात्रा सुनी. जो सफर एक साधारण कमरे से शुरू हुआ, आज वह भारत भर के हजारों बुनकरों और कारीगरों के लिए रोजगार का प्रतीक बन चुका है.**




बहनों ने कोई बनावटी भाषण नहीं दिया, बस अपनी जिंदगी की सच्चाइयाँ इतने उत्साह और ईमानदारी से साझा कीं कि हर श्रोता के चेहरे पर मुस्कान और मन में नया आत्मविश्वास उभर आया. उन्होंने बताया कि पिता भारतीय रेलवे में सब-इंस्पेक्टर थे. गाँव की छुट्टियों में बुनकरों के साथ बैठकर उनके हाथों की जादुई कला देखते थे. माँ ने बस दो मीटर कपड़ा थमाकर कहा था- अब जैसा चाहो डिजाइन करो. यही माँ का प्यार और प्रेरणा आज भी सुता की हर साड़ी में झलकती है, ब्रांड का नाम भी दोनों बहनों के नामों का मेल है- सु + ता, यानी सुता. कॉर्पोरेट की सफल नौकरियों के बाद 20 के दशक के अंत में आराम छोड़कर उद्देश्यपूर्ण जीवन चुना. कोविड के कठिन समय में ब्रांड ने असली उड़ान भरी- महज एक गैरेज और दो बुनकरों से शुरूआत करके आज हजारों परिवारों की जिंदगी संवार रही है. अब युवा लड़कियाँ सुता की साड़ियाँ गर्व से कॉलेज, ऑफिस और मिलन-जुलन में पहनती हैं. उनका संदेश था - टीम पर भरोसा करें, प्रतियोगियों को दोस्त बनाएँ, फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन, सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा हम ऐसी सार्थक इवेंट्स के जरिए महिला उद्यमियों को प्रेरित करना चाहते हैं. यह साबित करती है कि जब साथ हो, तो छोटी-सी शुरुआत भी असाधारण बन जाती है और कई जिंदगियों को रोशन कर देती है.

### गुणवत्ता पर रखा ध्यान

हल्के-फुल्के माहौल में चली इस बातचीत में सुजाता और तनिया ने कई जीवन-मूल्यवान बातें साझा कीं. उन्होंने बताया शुरुआत में गलतियाँ हुईं, लेकिन उन्होंने मार्केटिंग पर एक भी पैसा नहीं खर्च किया- पूरा ध्यान फैब्रिक की गुणवत्ता पर रहा. उन्होंने बताया बच्चों की परवरिश में माता-पिता का पूरा साथ मिला, वही संस्कार अब अगली पीढ़ी को मिल रहे हैं. हर साल वे उन गाँवों में जाते हैं जहाँ से साड़ियाँ आती हैं और बुनकरों को बताते हैं कि उनकी मेहनत दुनिया भर में कितना प्यार पा रही है. हमारा सपना साफ है- एक ऐसी लिगेसी ब्रांड बनना जो दो बहनों के समर्पण, मेहनत और दिल से किए गए अच्छे काम के लिए हमेशा याद रहे.